# आकाशवाणी शिमला

## 01.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

### नया साल

प्रदेश भर में नववर्ष 2026 धूमधाम से मनाया मनाया गया। इस दौरान विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की दिनभर भीड़ लगी रही और नए साल की शुरूआत देवी देवताओं के आर्शीवाद के साथ की। इस बीच नव वर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला स्थित लोक भवन पहुंच कर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और समग्र विकास की कामना की। इस अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्य जगत सिंह नेगी, विक्रमादित्य सिंह और राजेश धर्माणी व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य लोगों ने भी राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। नव वर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से प्रदेशभर से आए लोगों ने ओक ओवर और राज्य सचिवालय, शिमला में भेंट कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। कैबिनेट मंत्री, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस अधिकारी और अन्य कर्मचारी मुख्यमंत्री को नए साल की शुभकामनाएं देने पहुंचे। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने नववर्ष की शुभकामनाओं के लिए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया है।

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार तीन साल पहले व्यवस्था परिवर्तन की सोच के साथ आगे बढ़ी और राज्य में आम लोगों के हित में नीतिगत बदलाव किए गए हैं जिनका लाभ इस साल मिलना शुरू होगा। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार को रोक कर वर्ष 2027 तक हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार प्रदेश पर लगभग 75 हजार करोड़ रूपए का कर्ज और 10 हजार करोड़ की देनदारियां छोड गई थी। उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद सरकार हिमाचल को समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रयासरत है।

### जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार को चिट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को सभी को साथ लेकर और जिम्मेदारी से चलाने की सलाह दी है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अभियान में गंभीरता होनी चाहिए और इसके एक इवेंट के रूप में नहीं मनाना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि नशे के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के दबाव में आकर सरकार नशे में संलिप्त लोगों को पकडने वालों के खिलाफ मुकदमें दर्ज कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जयराम ठाकुर ने बिलासपुर में महिला मंडलों पर बनाए गए मामलों को जल्द वापिस लेने की सरकार से मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल की भरपूर मदद कर रही है और हाल ही में 6 सौ दो करोड़ भी प्रदेश को दिया गया है।

### दुर्घटना

कुल्लू में भुंतर–रामशिला फोरलेन मार्ग पर कल देर रात एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक के साथ टकराने से चार युवाओं की मृत्यु हो गई है। ये वाहन भुंतर–जिया से कुल्लू की ओर आ रहा था जिसमें चार युवक–युवतियां सवार थे। इनमें तीन युवकों की मृत्यु क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू जबकि एक की एम्स बिलासपुर में मृत्यु हुई है। ये सभी कुल्लू जिला के रहने वाले थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

### बीएसएनएल– वाई–फाई

भारत संचार निगम लिमिटेड–बीएसएनएल ने आज देशभर में वॉयस ओवर वाई–फाई, शुरू करने की घोषणा की। इसे वाई–फाई कॉलिंग सेवा के नाम से भी जाना जाता है। संचार मंत्रालय ने कहा कि यह सेवा अब देश के सभी दूरसंचार सर्किलों में बीएसएनएल के सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। इससे चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। मंत्रालय ने कहा कि ये ग्राहकों को वाई–फाई नेटवर्क पर वॉइस कॉल और मैसेज करने तथा प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

---